वनस्थली विद्यापीठ
पो. वनस्थली विद्यापीठ ३०४०२२
(राजस्थान)




BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. BANASTHALI VIDYAPITH 304022
(RAJASTHAN)

क्र0:का0अ0/ 08 /2026–2027

दिनांक : 25 मई, 2026

प्रिय महोदय,

आपको वनस्थली विद्यापीठ में शिक्षक कम्प्यूटर साइंस (Teacher – Computer Science) पद पर नियुक्त किये जाने का प्रस्ताव है । कम्प्यूटर साइंस व अन्य विषयों के अध्यापन के साथ–साथ आपसे यह अपेक्षित है कि आप विद्यापीठ की अन्य सभी गतिविधियों में अपना सहयोग दें व उपयुक्त प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करें ।

आपका वेतन दिये गये विवरणानुसार रहेगा । विद्यापीठ के नियमानुसार वेतन की गोपनीयता रखना कार्यकर्ता का दायित्व है और इसका उल्लंघन विद्यापीठ के नियमानुसार दण्डनीय अपराध है ।

आपकी नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि से 30 अप्रेल, 2028 तक के लिए कॉन्ट्रेक्ट पर की जायेगी । कॉन्ट्रेक्ट की अवधि में विद्यापीठ आपकी नियुक्ति को किसी भी समय तीन माह की पूर्व सूचना या उसके बदले में तीन माह का वेतन देकर समाप्त कर सकेगा । अगर इस अवधि में आप स्वयं कार्यमुक्त होना चाहेंगे तो आपको तीन माह अथवा चालू शैक्षणिक सत्र/चालू समसत्र का अंतिम कार्यदिवस जो भी बाद में हो तक की पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा । कार्यमुक्त होने की पूर्व सूचना के ऐवज में सामान्यतया वेतन स्वीकार्य नहीं होता है । संतोषजनक कार्य प्रगति की स्थिति में सामान्यतया कॉन्ट्रेक्ट का नवीनीकरण होता रहा है ।

इस नियुक्ति की यह आधारभूत शर्त है कि उपरोक्त के अलावा सेवा शर्तो, छुट्टियों, कैम्पस निवास एवं अन्य सभी मामलों से सम्बन्धित विद्यापीठ के समय–समय पर प्रभावी सभी नियम आप पर अनिवार्य रूप से लागू होंगे और विद्यापीठ में आपकी सेवा के आधारभूत करार माने जाएंगे और इन नियमों में किसी भी समय परिवर्तन करने का विद्यापीठ को पूरा अधिकार होगा और संशोधित नियम आप पर लागू माने जाएंगे ।

नियुक्ति का यह प्रस्ताव आपके द्वारा दिनांक 8 जुलाई, 2026 से 13 जुलाई, 2026 तक कार्यभार संभालने पर ही वैध रहेगा अन्यथा नियुक्ति का यह प्रस्ताव निरस्त किया जा सकता है ।

नियुक्ति पर आदतन खादी पहनना अनिवार्य होगा ।

भवदीय

मंत्री
वनस्थली विद्यापीठ

श्री माधव गोपाल शर्मा
श्री श्रद्धा नाथ जी महाराज का आश्रम
रेलवे स्टेशन के पास, पो0ऑ0–लक्ष्मणगढ़
जिला–सीकर (राज0) 332311